5th Batch of PhD program inaugurated at ICFAI UNIVERSITY

June 13,2016

the pioneer

RANCHI | TUESDAY | JUNE 14, 2016

ICFAI INAUGURATES PHD PROGRAM IN MANAGEMENT

Fifth batch of PhD program in Management (Part Time) was inaugurated at the ICFAI University, Jharkhand. Welcoming the PhD Scholars , Professor ORS Rao, Vice- Chancellor of the University, said, "Our PhD program has acquired reputation, as one of the best programs in India and hence is attracting scholars from locations across the Country, which includes not only Metros like Bangalore, Mumbai, Delhi, Hyderabad and Kolkata but also North East States like Manipur and Sikkim."

आज

www.ajhindidaily.com रांची, १४ जून, २०१६

इक्फाई विवि में पीएचडी का बैच का प्रारंभ

रांची। इक्फाई विवि में आज पीएचडी प्रबंधन के 5 वीं बैच का प्रारंभ किया गया। सभी नए नामांकित पीएचडी स्कालरों का स्वागत करते हुए विवि के कुलपति प्रो.आरएस.राव ने कहा कि विवि के पीएचडी कार्यक्रम भारत भर में काफी प्रतिष्ठा हासिल कर ली है। जिसके कारण देश भर के सभी प्रमुख स्थानों जिसमें न सिर्फ दिल्ली , बंगलौर , मुंबई , कोलकात्ता आदि बलिक पूर्वोत्तर राज्यों मणिपूर व सिकिम्म आदि स्थानों में स्कालरों ने नामांकन कराया है। प्रो.राव ने कहा कि इस कार्यक्रम में नामांकन तथा पीएचडी करने के लिए अनुभवी पेशेवरों को अपना काम नौकरी छोड़ कर सकते हैं। अभी तक विवि द्वारा कुल 3 व्यक्तियों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। इस मौके पर स्कालरों को संबोधित करते हुए रांची विवि के पूर्व कुलपति सह इक्फाई विवि के बोर्ड मेंबर डा.एए.खान ने कहा कि स्कॉलर अपने मन की शक्ति द्वारा रिसर्च में चिजों का विशलेषण करें। उन्होंने विवि को प्रबंधन में पीएचडी कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी। विवि शैक्षणिक सलाहकार डा.हरिहरन ने कहा कि स्कॉलरों को यह कार्यक्रम उनकी सोच को व्यवस्थित करेगा। 5 वीं बैच के पीएचडी स्कॉलरों की प्रोफाइल को रेखांकित करते हुए विवि के रजिस्ट्रार डा.बीएम.सिंह ने कहा कि इस वर्ष 20 स्कॉलरों ने शिक्षा जगत से एवं शेष विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों जैसे सेल , भारतीय रिजर्व बैंक , स्टेट बैंक ऑफ मैसूर , आईआईएम.अहमदाबाद , आईबीएस , डीआरडीओ , डा.रेड्डीज आदि से नामांकित लिया है। इस पीएचडी के उद्घाटन सभा में विवि के एसोसिएट डीन प्रो.एम. प्रसाद , मदन प्रसाद , अरविंद कुमार एवं एससी स्वेन आदि उपस्थित थे।

छाया : राजकुमार

दैनिक भास्कर

रांची, मंगलवार 14 जून, 2016 6

शोध में सूक्ष्म विश्लेषण से ही मिलेगी सफलता : डॉ. खान

इक्फाई विवि में पांचवें बैच के कोर्स वर्क शुरू होने के मौके पर बोलते डॉ. खान।

एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

आरयू के पूर्व वीसी डॉ. एए खान ने कहा कि क्वालिटी के बिना रिसर्च बेकार है। रिसर्च स्कॉलर मन की शक्ति से तथ्यों का सूक्ष्म विश्लेषण करेंगे, तो नतीजा बेहतर होगा। वे सोमवार को इक्फाई विवि में पीएचडी के पांचवें बैच के कोर्स वर्क शुरू होने के मौके पर वर्कशॉप में बोल रहे थे।

शैक्षणिक सलाहकार डॉ. हरिहरण ने कहा कि शोधार्थियों के लिए यह कार्यक्रम काफी उपयोगी साबित होगा। रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह ने कहा कि रिसर्च स्कॉलरों में 20 प्रतिशत शिक्षा जगत से हैं। शेष 80 प्रतिशत सेल, भारतीय रिजर्व बैंक, स्टेट बैंक, आईआईएम अहमदाबाद, आईबीएस, डीआरडीओ व अन्य संस्थानों के हैं।

इक्फाई विवि के वीसी प्रो. ओएस राव ने कहा कि यहां के स्टूडेंट्स रिसर्च के क्षेत्र में अलग पहचान बनाने में सफल रहे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग यहां आ रहे हैं। इसमें दिल्ली, बेंगलुरू, कोलकाता समेत अन्य राज्यों के अभ्यर्थी हैं। उन्होंने कहा कि यहां कामकाजी लोग आसानी से पीएचडी प्रोग्राम कर सकते हैं। अध्यक्षता एसोसिएट डीन प्रो. एस प्रसाद ने किया। इस अवसर पर अरविंद कुमार, डॉ. एससी स्वेन समेत अन्य मौजूद थे।

सन्मार्ग
रांची, मंगलवार, 14 जून 2016
www.pmedia.in

ईक्फाई विवि में पीएचडी का नया बैच शुरू

संवाददाता

रांची : ईक्फाई विवि, रांची में सोमवार को पीएचडी का नया बैच (5वां) शुरु हुआ। नये शोधार्थियों का स्वागत करते हुए विवि के कुलपति प्रो. ओ आर एस राव ने कहा कि विवि पीएचडी कार्यक्रम ने देशभर में काफी प्रसिद्धि हासिल कर ली है। विवि में शोध के लिए दिल्ली, बंगलुरु, मुंबई, कोलकाता सहित पूर्वोत्तर राज्यों में भी विद्यार्थी पहुंच रहे हैं। विवि में यह सुविधा उपलब्ध है कि कोई भी शोधार्थी अपना अन्य कोई नौकरी करते हुए भी अपना पीएचडी जारी रख सकता है। इस कार्यक्रम में रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ. ए ए खान, पूर्व कुलपति डॉ. केके नाग, ईक्फाई विवि के रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर एसोसिएट डीन प्रो. एस प्रसाद, मदन प्रसाद, अरविंद कुमार, डॉ. एस सी समेत कई अन्य मौजूद थे।

प्रभात खबर

लाइफ@रांची

रांची, मंगलवार
14.06.2016

21

इक्फाइ विवि में पीएचडी की बैच शुरू

रांची. इक्फाइ विवि में प्रबंधन में पीएचडी प्रोग्राम की पांचवीं बैच सोमवार से शुरू हुई. कुलपति प्रो ओआरएस राव ने पीएचडी स्कॉलरों की स्वागत करते हुए कहा कि विवि के पीएचडी प्रोग्राम में देश के कई इलाकों से स्कॉलर नामांकन ले रहे हैं. विवि द्वारा अब तक 30 व्यक्तियों को पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया गया है. रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ एए खान ने कहा कि स्कॉलर अपने मन की शक्ति द्वारा शोध में आ रही चीजों का विश्लेषण करें. विवि के शैक्षणिक सलाहकार डॉ हरि हरन ने कहा कि स्कॉलरों को यह कार्यक्रम उनकी सोच को व्यवस्थित करेगा. रजिस्ट्रार डॉ बीएम सिंह ने कहा कि इस वर्ष 20 प्रतिशत स्कॉलरों ने शिक्षा जगत से जबकि अन्य लोग सेल, भारतीय रिजर्व बैंक, स्टेट बैंक, आइआइएम, आइबीएम, डॉ रेड्डीज आदि जगहों से जुड़े हुए हैं. इस अवसर पर डीन प्रो एस प्रसाद, मदन प्रसाद, अरविंद कुमार, डॉ एससी स्वेन आदि उपस्थित थे.